भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 3728
जिसका उत्तर दिनांक 17 मार्च, 2020 को दिया जाना है

ओडिशा के किसानों को राजसहायता

3728. कुमारी चन्द्राणी मुर्मुः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा के किसानों को प्रदान की गई अच्छी नस्ल की गायों की संख्या कितनी है और इस प्रयोजनार्थ व्यय की जा रही राशि का ब्यौरा क्या है तथा इस पर दी जाने वाली राजसहायता का अनुपात कितना है; और

(ख) क्या अधिक संख्या में किसानों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा राजसहायता अनुपात में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) पशुपालन और डेयरी विभाग, डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना कार्यान्वित कर रहा है जिसके अंतर्गत एक घटक है- देशी डिस्क्रिप्ट दुधारू गायों जैसे साहीवाल, रेड सिंधी, गिर, राठी आदि/ श्रेणीकृत भैंसों/ संकर नस्ल की गायों सहित 2 से 10 पशुओं वाली छोटी डेयरी इकाइयां स्थापित करना। इस योजना में सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को 25 प्रतिशत पूँजीगत सब्सिडी और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लाभार्थियों को 33.33 प्रतिशत पूँजीगत सब्सिडी की व्यवस्था है। दिनांक 04.03.2020 तक की स्थिति के अनुसार 2017-18 से 2019-20 तक की अवधि के दौरान ओडिशा में 1078.62 लाख रू. की कुल सब्सिडी से 2537 डेयरी लाभार्थियों को सहायता दी गई है।

(ख) जी नहीं।

******